भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

09.02.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 945 का उत्तर

पीएसयू सहित रेलवे में रिक्तियाँ

945. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में संस्वीकृत पदों का समूह-वार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित श्रेणी-वार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रेलवे के कर्मचारियों की संख्या का समूह-वार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित श्रेणी-वार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्तियों की संख्या का समूह-वार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग सहित श्रेणी-वार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

पीएसयू सहित रेलवे में रिक्तियों के संबंध में दिनांक 09.02.2024 को राज्य सभा में श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न संख्या 945 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (ग): रेल मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम मुख्यत: परियोजना आधारित संगठन हैं जिनमें पदों के संबंध में स्वीकृति और भर्ती गतिशील एवं सतत प्रक्रिया होती है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पदों को कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु भारत सरकार के अनुदेशों का विधिवत अनुपालन करते हुए कार्यभार के आधार पर भरा जाता है। पिछले पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों की कोटि-वार और वर्ष-वार नियुक्ति निम्नानुसार की गईः-

वर्ष	ग्रेड	कोटि			
		सामान्य	अन.जाति	अनु.ज.जाति	अ.व.पि.
2018-19	कार्यकारी	129	24	12	47
	गैर-कार्यकारी	182	38	22	56
2019-20	कार्यकारी	170	57	23	72
	गैर-कार्यकारी	346	33	15	75
2020-21	कार्यकारी	65	20	5	30
	गैर-कार्यकारी	86	40	12	97
2021-22	कार्यकारी	61	13	5	28
	गैर-कार्यकारी	92	120	57	176
2022-23	कार्यकारी	268	84	35	157
	गैर-कार्यकारी	179	75	31	121
2023-24 (दिसम्बर 2023)	कार्यकारी	104	28	13	51
	गैर-कार्यकारी	76	28	11	46
	जोड़	1758	560	241	956
				कुल जोड़	3515

****